तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025

10 इसरो इंजीनियर ने छात्रों को दी अंतरिक्ष...

11 पुलिस का कार्य जनता की उम्मीदों पर खरा ...




## खबर संक्षेप

### हम होंगे कामयाब चयन परीक्षा 205 युवाओं ने दी



**बलौदाबाजार**। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला ऑडिटोरियम में शुक्रवार को 'हम होंगे कामयाब' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चयन परीक्षा में कुल 205 युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभा एवं योग्यता के आधार पर 40 युवाओं का चयन किया जाएगा।चयनित प्रतिभागियों को उड़ान आईएएस अकादमी में निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य समाज के मेधावी एवं प्रतिभाशाली युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करना और उन्हें सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता के लिए तैयार करना है। जिला प्रशासन की इस पहल से युवाओं को अपने लक्ष्य की ओर प्रेरित करेगा तथा नये अवसर के रास्ते भी खुलेंगे।

### शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा

# सोनाखान-कसडोल क्षेत्र इको-टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



वीर मड़ई एवं शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर सोनाखान में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोनाखान–कसडोल क्षेत्र को इको–टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित करने की ऐतिहासिक घोषणा की। वर्षों से की जा रही इस मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विकास, पर्यटन वृद्धि और स्थानीय रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सोनाखान–कसडोल क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, घने वन, समृद्ध जैव–विविधता, ऐतिहासिक धरोहर, शहीद वीर नारायण सिंह के संघर्ष–स्थल तथा सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण है। यही कारण है कि यह क्षेत्र इको–टूरिज़्म मॉडल के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता रहा है। मुख्यमंत्री की घोषणा से इस क्षेत्र में अनेक पर्यटन–संबंधी परियोजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है।

इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ कई प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य उपस्थित थे। वन एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप, आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 11 पर

### राज्य की पर्यटन आय में वृद्धि होगी

स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे, प्राकृतिक धरोहर, जंगल और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, राज्य की पर्यटन आय में वृद्धि होगी, पर्यावरण–अनुकूल एवं सतत विकास आधारित पर्यटन मॉडल स्थापित होगा, नेचर ट्रेल्स, बर्ड–वॉचिंग पॉइंट, होम–स्टे विस्तार, पर्यटन मार्ग, आधारभूत संरचना व प्रचार–प्रसार जैसी योजनाएं क्षेत्र को नई दिशा देंगी ।

### जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

### सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# धान खरीदी में लापरवाही, समिति प्रबंधक निलंबित

हरिभूमि न्यज ▶▶| बलौदाबाजार

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी नीति 2025-26 में दिये गये निर्देशों की अवहेलना कर मनमानी पूर्वक उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी कार्य के लिए प्राप्त नये जूट बारदाना को नियम विरूद्ध कृषकों को धान खरीद के पूर्व ही दिये जाने एवं धान खरीदी कार्य में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण प्रभारी समिति प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। वहीं बारदाना प्रभारी दैनिक कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त किया गया है। साथ ही संस्था के प्राधिकृत अधिकारी को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही धान आवक गेट पास में कृषकों का फोटो अपलोड नहीं करने, रकबा समर्पण कार्य में लापरवाही बरतने पर 6 समिति प्रबंधक एवं 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

■ बारदाना प्रभारी बर्खास्त, 6 समिति प्रबंधक को नोटिस जारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड सिमगा अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बनसांकरा में शासन के महत्वपूर्ण धान खरीदी कार्य में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण प्रभारी समिति प्रबंधक सतीष कुमार महिलांग को उप आयुक्त सहकारिता द्वारा छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 55(1) के उपबंधों के अधीन जारी कर्मचारी सेवानियम 2018 के नियम क्रमांक 17(1) निलंबित ▶▶ शेष पेज 11 पर

जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| बलौदाबाजार शहर | 5 पद | योग्यता 12वीं से स्नातक |
| भाटापारा शहर | 5 पद | |
| कसडोल | 2 पद | वेतन 15000/- |
| बिलाईगढ़ | 2 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, बिलाईगढ़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो,डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक

हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : अंबेडकर चौक, बजरंग होटल के सामने, बलौदाबाजार, मो. 9926204007
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)



## खबर संक्षेप

### शहीद स्मारक में की गई साफ सफाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक भारतीय विजय दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि को भी शहीद स्मारक में साफ सफाई की गई। अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाएगा। विजय दिवस के ही दिन 1971 में युद्ध पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में मनाया जाता है। इस युद्ध के परिणामस्वरूप बांग्लादेश को भी आजादी मिली। इस मौके पर अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### रासेयो शिविर में कराया गया योगाभ्यास

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर, 8 से 14 दिसंबर तक ग्राम लाफिनकला में आयोजित किया गया है। जिसमें पतंजलि योग समिति के मुख्य योग शिक्षक संदीप पटले व पूनम पटले द्वारा योगाभ्यास कराया गया। साथ ही रोग पर आधारित योग सिखाया गया तथा उनके बचाव व उपाय के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। निरोगी काया को प्राथमिकता देते हुए योग के लाभ बताया गया। विभिन्न रोगों के साथ कौन-कौन से योग लाभदायक होते हैं, इसकी जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व ग्रामवासियों को दी गई।

### योग प्रशिक्षण शिविर आज से

**महासमुंद।** योग प्रशिक्षण शिविर (35वां वर्ष) दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 13 से 22 दिसंबर तक आयोजित है। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में होगा। इस 10 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया, दीर्घशंख प्रज्ञालन एवं जलनेती, कुंजल की क्रियाएं कराया जाएगा। रविवार 21 दिसंबर को कौंदकेरा जंगल में हठयोग की क्रियाएं दीर्घशंख प्रक्षालन, जल नेति एवं कुंजल का अभ्यास होगा। पंजीकृत योगाभ्यासी ही सम्मिलित होंगे। आग्रह है कि योग शिविर में शामिल होकर पंजीयन करा लें। विदित हो कि दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया महत्वपूर्ण है, जो स्वामी के निर्देशन में किया जाता है, जो संपूर्ण शरीर के शुद्धिकरण का अभ्यास है। योगाभ्यास का समय पुरुष वर्ग/महिला वर्ग संयुक्त समय प्रातः 5.30 बजे से 7 बजे एवं सायं 7 से 8.30 बजे, महिला वर्ग बच्चों का दोपहर 4 बजे से 5 बजे तक रहेगा। प्रतिदिन रोगोपचार के लिए प्रातः 7 से 8 तक समय निर्धारित किया गया है, जिसमें स्वामी द्वारा रोग उपचार के लिए आसन बताएंगे।

### सहकारिता मंत्री कश्यप ने कृषि साख सहकारी समिति खुटेरी का किया अवलोकन

**रायपुर।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने रायपुर जिले के ग्राम उमरिया स्थित वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति खुटेरी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति की कार्यप्रणाली, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, ऋण वितरण की प्रक्रिया तथा अन्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा, किसानों को बेहतर, सहज और समयबद्ध सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# आदिम जाति विभाग के निगम, बोर्ड और आयोगों में जनवरी से कामकाज ई-ऑफिस सिस्टम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिम जाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बुधवार को विभाग के अधीन सभी आयोग-बोर्ड एवं निगम के कार्यों एवं योजनाओं की विभागीय समीक्षा की। बैठक मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित की गई। बैठक में राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग, अनुसूचित जाति आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग, तेलघानी विकास बोर्ड, लौह शिल्पकार विकास बोर्ड, रजककार विकास बोर्ड और चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

## प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में आयोग बोर्ड एवं निगम की समीक्षा

### प्रतिवेदन जारी होगा ई-बुक के रूप में



उन्होंने आयोग-बोर्ड एवं निगम के विगत वर्ष 2022-2023, 2023-24 एवं 2024-25 के वार्षिक प्रतिवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली एवं निर्देश दिए कि प्रतिवेदनों को विभागीय वेबसाइट के ई-बुक में भी अपलोड किया जाए। साथ ही सभी प्रतिवेदनों में अच्छे फोटोग्राफ भी लगाए जाने चाहिए। इसके अलावा कुल प्राप्त बजट आवंटन प्रस्ताव एवं व्यय के संबंध में जानकारी ली गई। आयोग-बोर्ड एवं निगम में विगत दो वर्षों की उपलब्धि एवं 3 वर्षों की कार्य योजना की जानकारी भी ली गई।

### निगम, मंडल, आयोग की नियमावली हो स्पष्ट

प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए की सभी आयोग-निगम एवं मंडलों की नियमावली स्पष्ट होनी चाहिए। इसके अलावा ई-एचआरएमएस की डाटा एंट्री एवं क्रियान्वयन के अध्ययन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य सूची में जाति समावेशन-त्रुटि सुधार एवं अनुसंधान की अद्यतन स्थिति पर चर्चा एवं आयोग के पास कुल दर्ज प्रकरण, लंबित प्रकरण एवं निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली गई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी समय-समय पर आयुक्त-बोर्ड एवं निगम का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान हिना अनिमेष नेताम, संयुक्त सचिव बीके राजपूत, अनुपम त्रिवेदी, उपायुक्त प्रज्ञान सेठ सहित आयोग-बोर्ड एवं निगम के सचिव एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता एवं कसावट लाने के उददेश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप प्रदेश में 1 जनवरी 2026 से ई-ऑफिस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय एवं मुख्यालय स्तर पर इन निर्देशों का उचित क्रियान्वयन भी हो रहा है इसके माध्यम से जहां एक ओर प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता एवं कसावट लाने में मदद मिल रही है वहीं दूसरी ओर कार्यों में अनावश्यक विलंब एवं लालफीताशाही भी दूर हो रही है। इसीलिए उन्होंने निर्देश दिए कि 1 जनवरी 2026 से समस्त आयोग-बोर्ड एवं निगम में ई-ऑफिस व्यवस्था को प्रारंभ किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।

### ऑनलाइन—ऑफलाइन टोकन व्यवस्था बनी सिरदर्द

# सुहेला क्षेत्र में धान खरीदी की लिमिट घटने से बढ़ी किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



क्षेत्र की सुहेला खपराडीह शिकारी केसली फुलवारी हिरमी गोरदी सकलोर भटभेरा मोहरा सहकारी समितियों में प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट लगभग पहले से आधी कर दिए जाने से किसानों की दिक्कतें लगातार बढ़ रही हैं। पहले जहां समितियों में प्रतिदिन 1200 से 1500 क्विंटल तक धान खरीदा जाता था और लगभग 40—50 किसानों का धान उठता था, वहीं अब घटाई गई लिमिट के कारण यह संख्या घटकर महज 14—15 किसानों तक सिमट गई है।

समिति के अनुसार प्रतिदिन 780 क्विंटल धान खरीदी की लिमिट तय की गई है, जिसमें 70 प्रतिशत (546 क्विंटल) ऑनलाइन और 30 प्रतिशत (234 क्विंटल) ऑफलाइन टोकन का प्रावधान है। लेकिन व्यावहारिक तौर पर ऑनलाइन में केवल 10 किसान और ऑफलाइन में 4 किसान ही प्रतिदिन टोकन प्राप्त कर पा रहे हैं। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में किसान समितियों के चक्कर लगा रहे हैं, पर धान बेचने में सफल नहीं हो पा रहे। ग्राम रानीजरौद और आसपास के किसानों गजानंद साहू, मोती बंजारे, दुलारी साहू, उमेश साहू, जीवनलाल साहू, अश्वनी साहू, चतरूराम बंजारे सहित अनेक किसानों ने बताया कि वे प्रतिदिन समिति पहुंचते हैं, लेकिन ऑफलाइन टोकन न मिल पाने से अब तक धान बेच नहीं पाए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की कमजोर स्थिति और कई किसानों को मोबाइल संचालित करने में कठिनाई होने के कारण ऑनलाइन टोकन भी उनके लिए चुनौती बन गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के अध्यक्ष भुवनेश्वर वर्मा ने मांग की कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रत्येक केंद्र की खरीदी लिमिट बढ़ाई जाए, ताकि अधिक किसानों का धान खरीदा जा सके। साथ ही 5 एकड़ तक के लघु किसानों को प्राथमिकता देने की मांग भी की गई, जिससे छोटे किसान राहत पा सकें।इस संबंध में सहकारिता सीओ माखन सिह कंवर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 15 नवंबर से खरीदी प्रारंभ की गई है। लिमिट बढ़ाने के लिए समितियां से आवेदन मिला हुआ है अति शीघ्र इस पर उच्च अधिकारियों के द्वारा निर्णय दिया जाएगा । उन्होंने विश्वास दिलाया कि हर किसान का धान खरीदा जाएगा और किसी को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

# इसरो इंजीनियर ने छात्रों को दी अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

हाई स्कूल मांठ में प्रोजेक्ट अंतरिक्ष के तहत एक विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें इसरो के इंजीनियर सुभाष देवांगन ने विद्यार्थियों को सैटेलाइट, उनकी कार्यप्रणाली तथा उन्हें अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने वाले विभिन्न रॉकेटों के बारे में विस्तृत और सरल भाषा में जानकारी प्रदान की। इंजीनियर देवांगन द्वारा दिए गए रोचक वैज्ञानिक तथ्यों और प्रस्तुतीकरण ने बच्चों में उत्साहभर दिया। विद्यार्थियों ने पूरे ध्यान और आनंद के साथ सत्र को सुना, साथ ही अंतरिक्ष से जुड़े अनेक प्रश्न भी पूछे, जिनका देवांगन ने बेहद सहजता से उत्तर दिया। कार्यक्रम में हाई स्कूल मांठ की प्राचार्य सुश्री सुशीला वर्मा ने इंजीनियर सुभाष देवांगन एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने देवांगन जी के सरल एवं प्रेरक प्रस्तुतीकरण की विशेष सराहना की। इस अवसर पर शिक्षकगण आशाराम वर्मा, देवेंद्र बर्मन, यामीन वर्मा, शिवानी वर्मा, मंजू वर्मा, सरस्वती वर्मा, रेखा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# नेशनल हाईवे 130बी का डीपीआर जारी होते ही नगरवासियों में मायूसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



नेशनल हाईवे 130बी की डीपीआर जारी होने के बाद नगर पंचायत भटगांव के आम नागरिक और व्यापारियों में मायूसी है। लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे नगर भटगांव के मुख्य मार्ग से गुजरेगा तो पूरा व्यापार खत्म हो जाएगा। लोग घर से बेघर हो जाएंगे।

लोगों के सामने रोजी रोटी की समस्या आएगी। किसी के पास घर नहीं बचेगा, व्यापारियों का व्यापार नहीं बचेगा। नगर पंचायत भटगांव जो काफी पुराना है जो पुराने रायपुर जिले के समय से नगर पालिका था वह आज नगर पंचायत है. नगर पंचायत भटगांव के समय का सभी पंचायत नगर पालिका बन चुकी है। अगर आज भटगांव नगर पालिका होती तो जनसंख्या और व्यापार को देखते हुए प्रशासन नेशनल हाईवे को नगर से न निकाल कर बाई पास निकालती, परन्तु भटगांव का दुर्भाग्य है कि आज भटगांव नगर पंचायत ही है।

नगर के आम नागरिक और व्यापारियों द्वारा क्षेत्र सांसद कमलेश जांगड़े को नेशनल हाईवे को भटगांव और सरसींवा को बाई पास करने हेतु मांग कर चुके हैं, फिर भी आज दोनों नगर पंचायत में डीपीआर के अनुसार बाई पास रोड नहीं निकल रही है। नगर के आम नागरिक और व्यापारियों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि नगर भटगांव के व्यापारी, आम नागरिकों के हित को देखते हुए नेशनल हाईवे को बाई पास रोड निर्माण किया जाये।

# शराब की अवैध तस्करी : सरगना सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस ने एक और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 7 दिसम्बर को थाना भाटापारा ग्रामीण में दर्ज एक शराब तस्करी के मामले की गहन जांच के बाद की गई है। मुख्य आरोपी कृष्णकांत उर्फ कान्हा मिश्रा को 12 दिसम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

■ साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अर्जुनी रोड पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा

समाधान सेल से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना भाटापारा ग्रामीण और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम अर्जुनी रोड पर घेराबंदी की थी। इस दौरान स्कूटी से अवैध रूप से शराब ले जा रहे दो आरोपियों पंकज डहरिया और आशीष धृतलहरे को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 41,400 मूल्य की 414 पौव देशी मसाला शराब और परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी (क्र. सीजी 04 एनटी 2697 जब्त की थी। उनके विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।गहन पूछताछ में पुलिस को पता चला कि यह शराब अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से मुख्य आरोपी कृष्णकांत उर्फ कान्हा मिश्रा के कहने पर भाटापारा शहर लाई जा रही थी। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी पंकज और आशीष, सेल्समैन खोगेश्वर से शराब लेकर कान्हा मिश्रा को देने जा रहे थे।



### मुख्य आरोपी ने स्वीकारा गुनाह

परिस्थितिजन्य साक्ष्यों और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी कृष्णकांत उर्फ कान्हा मिश्रा 24 साल निवासी गुरु नानक वार्ड भाटापारा को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने ही अवैध बिक्री के लिए अर्जुनी कंपोजिट शराब दुकान के सेल्समैन खोगेश्वर प्रसाद साहू से शराब प्राप्त कर, उसे आशीष धृतलहरे और पंकज डहरिया के माध्यम से भाटापारा मंगवाया था।

### सेल्समैन से लेकर मुख्य सरगना तक गिरफ्तारी

विवेचना के दौरान, पुलिस ने दोनों आरोपियों से अवैध रूप से सांठगांठ कर शराब उपलब्ध कराने वाले ग्राम अर्जुनी कंपोजिट शराब दुकान के सेल्समैन खोगेश्वर प्रसाद साहू को भी पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# स्कूल के निरीक्षण में प्रभारी प्रधानपाठक मिले अनुपस्थित





**गिधौरी।** जनपद पंचायत कसडोल के अंतर्गत ग्राम पहंदा के प्राथमिक शाला में 12 दिसंबर को सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार यदु एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक शिक्षा नीलमणी साहू द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां शाला में 34 बच्चे उपस्थित मिले और स्कूल में दो सहायक शिक्षक पदस्थ है, जिसमें प्रभारी प्रधान पाठक महेंद्र साहू अनुपस्थित मिले और चंद्रेश साहू उपस्थित मिले। शाला में मध्यान्ह भोजन संचालित है तथा शाला का भवन जर्जर है और डेली डायरी का उपयोग नहीं किया जा रहा है तथा सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने डेली डायरी का उपयोग सुनिश्चित करने निर्देश किया है और नदारद प्रधान पाठक महेंद्र साहू के खिलाफ कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन बनाकर प्रेषित करेंगे।

# सीसी रोड निर्माण का नपा अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 21 में कांक्रीट सड़क निर्माण किये जाने नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा भूमि पूजन कर तत्काल कार्य प्रारंभ कराया गया। उक्त निर्माण कार्य प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित कार्य योजना के अनुरूप राशि स्वीकृत होने उपरांत विकास कार्य पूर्ण कराए जाने भूमि पूजन किया गया और विधिवत पूजा अर्चना की गई।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी साथ वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद व उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, पार्षद सलमान शेख, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, वार्ड के अजय त्रिवेदी व अन्य वार्ड वासियों की उपस्थिति में पूजन किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर नपा अध्यक्ष जैन द्वारा तैयार कार्य योजना के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने निर्देशित किया एवं शासन द्वारा नगर में विकास कार्य हेतु हर संभव सहयोग किये जाने की बात कही गई तथा वार्ड का भ्रमण कर वार्ड वासियों से चर्चा की गई।

### कलेक्टर ने मुनगासेर और गांजर धान उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण

# साइज में स्टैक बनाएं, रजिस्टरों का संधारण करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बागबाहरा विकासखंड के मुनगाशेर और गांजर धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में हो रही धान तुलाई, संग्रहण, परिवहन व्यवस्था और किसानों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा नमिता मारकोले मौजूद थी।

कलेक्टर लंगेह ने उपार्जन केंद्र में संधारित सभी रजिस्टरों का परीक्षण किया, जिसमें टोकन वितरण रजिस्टर, तुलाई रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर और परिवहन अभिलेख शामिल थे। रजिस्टर मिलान कर उन्होंने अधिकारियों को सटीक एवं अद्यतन प्रविष्टियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने मौजूद किसानों से चर्चा की और उनसे खरीदी प्रक्रिया, तुलाई व्यवस्था एवं टोकन प्रणाली को लेकर फीडबैक लिया तथा उन्होंने किसानों से उनकी समस्याएं भी पूछा तथा अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी का कार्य पूर्ण पारदर्शिता, समयबद्धता और सुचारूता के साथ होना चाहिए। उन्होंने तुलाई मशीन, स्टैक यार्ड, सुरक्षा व्यवस्था तथा टोकन वितरण की प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया और आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**

## सर्व कुर्मी समाज ने उपाध्यक्षों की नियुक्ति की

**मुंडा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा संगठन के प्रदेश युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख द्वारा उक्त सदस्यों को छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का उपाध्यक्ष नियुक्ति किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी समाज बलौदाबाजार जिला सूढेला से केशव वर्मा जेठा, जिला शक्ति से सौरभ चंद्रा व कौड़िया जिला दुर्ग से हेमंत देशमुख को बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ परगिया में क्षत्रिय समाज लवनराज के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष लहाराम वर्मा, सचिव जीवराखन वर्मा, सहसचिव नंदराम वर्मा, लोकपाल, देव प्रसाद, बालाराम, पारस वर्मा, धरमलाल वर्मा, पापू वर्मा, विशेष सलाहकार कोमल प्रसाद वर्मा, सरोज वर्मा, मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा, पूर्व अध्यक्ष राम अवतार वर्मा, देवराम वर्मा, पुरेंद्र वर्मा, भूपत वर्मा, शंकर वर्मा, अमित वर्मा, शिव वर्मा, केशव राम वर्मा, बसंत वर्मा सहित सामाजिक लोगों ने हर्ष जताया है ।



## शराब की अवैध बिक्री दो के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में सरायपाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम केंदूढार भारत पेट्रोल पंप के सामने में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रामकुमार साहू पिता संतलाल साहू (35 वर्ष) नूनपानी बताया। आरोपी के कब्जे से 02 लीटर महुआ शराब कीमत 400 रुपए को बरामद किया गया। इसी तरह ग्राम बगईजोर बड़ा पुलिया के पास अवध राम भारती पिता दादू राम भारती (45 वर्ष) नूनपानी के कब्जे से 2 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## पटेवा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज

**पटेवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह के अंतर्गत पटेवा मंडल के अंतर्गत जोगीडीपा ग्राम स्थित सिद्धबाबा मंदिर परिसर में 13 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें चुटकी लोक कला मंच दल्लीराजहरा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। हिंदू सम्मेलन में प्रमुख वक्ता छत्तीसगढ़ प्रांत के सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ. ओम प्रकाश शर्मा तथा वक्ता सरला कोसरिया होंगी। मुख्य अतिथि के रूप में उमा ध्रुव उपस्थित रहेंगी।

# बुजुर्ग मनरेगा मजदूरी से वंचित, लगा रहा रोजगार सहायक का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

बिलाईगढ़ जनपद पंचायत के अमोदी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पिपरडीह में मनरेगा हाजिरी को लेकर लापरवाही और अनियमितता का मामला उजागर हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिला मकान पूरा कर लेने और उसमें गृह प्रवेश कर लेने के बाद भी बुजुर्ग दम्पत्ति मंगल और बेदमति को मनरेगा के तहत मिलने वाले 90 दिवस के मजदूरी भुगतान का अब तक कोई सुराग नहीं है। शासन की महत्वपूर्ण आवास योजना का लाभ लेकर उन्होंने अपना सुरक्षित घर तैयार कर लिया, लेकिन उसके साथ मिलने वाली मजदूरी के लिए महीनों से रोजगार सहायक के चक्कर काट रहे हैं। हितग्राही मंगल ने बताया कि जब भी वे हाजिरी भुगतान की जानकारी मांगते, रोजगार सहायक कभी आज आएगा, कभी कल आएगा कहकर उन्हें लगातार टालता रहा।स्थिति तब और चिंताजनक हो गई जब बुजुर्ग दम्पत्ति ने कहा कि यदि मजदूरी राशि नहीं मिल रही है तो वे कलेक्टर कार्यालय में शिकायत करेंगे कलेक्टर साहब से पूछेंगे। इस पर रोजगार सहायक ने उल्टा उन्हें ही धमकाते हुए कहा—कलेक्टर के पास जाओगे तो पकड़ा जाओगे कलेक्टर साहब तुम्हें जेल भिजवा देंगे। इतना कहकर रोजगार सहायक ने फोन काट दिया। 70 साल के बुजुर्ग के लिए यह धमकी इतनी भारी थी कि वे डरकर चुप हो गए और अब पत्रकारों के सामने सच बता पा रहे हैं।

### कलेक्टर से शिकायत करने की बात पर मिली धमकी



#### एक भी दिन की हाजिरी दर्ज नहीं की गई

पत्रकारों द्वारा जब हितग्राही का जॉब कार्ड जांचा गया तो पाया गया कि इसमें एक भी दिन की हाजिरी दर्ज नहीं की गई है। बुजुर्ग का आरोप है कि रोजगार सहायक ने उनकी हाजिरी किसी अन्य व्यक्ति के खाते में डालकर मजदूरी राशि हड़प ली है। पत्रकारों ने जब रोजगार सहायक से संपर्क किया, तो उसने न केवल कोई जवाब दिया बल्कि तुरंत फोन काट दिया। योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक ठीक से पहुंच रहा है या नहीं, इसकी निगरानी कौन कर रहा है? क्या जिम्मेदार अधिकारी ऐसे मामलों की समीक्षा करते भी हैं? मनरेगा और आवास जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं पर स्थानीय स्तर पर हो रही इस तरह की मनमानी सवाल खड़े करती है कि क्या कहीं न कहीं इस अनियमितता में मिलीभगत तो नहीं? ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की लापरवाही और धमकाने की प्रवृत्ति से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब और बुजुर्ग हितग्राहियों को होता है, जिन्हें योजनाओं से मिलने वाली मजदूरी और सहायता ही जीवन का सहारा होती है, परंतु जमीनी स्तर पर उन्हें डर, वंचना और उपेक्षा मिल रहा है।

### छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक संवर्ग परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का किया गया अभिनंदन

# पुलिस का कार्य जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना और कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के पुलिस कम्युनिटी हॉल में 12 दिसंबर को दोपहर 3 बजे छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक संवर्ग परीक्षा में चयनित जिले के विभिन्न अभ्यर्थियों के लिए एक अभिनंदन एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने नवचयनित आरक्षकों को शुभकामनाएं दीं और प्रशस्ति पत्र तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे सभी अपने जीवन की एक नई और महत्वपूर्ण शुरुआत करने जा रहे हैं। उन्होंने इसे सौभाग्यशाली बताया कि उन्हें पुलिस विभाग में भर्ती होकर आम जनता तथा जरूरतमंदों की सेवा एवं मदद करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने पुलिस विभाग को जिम्मेदार एवं अनुशासित विभाग बताते हुए कहा कि पुलिस का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण एवं साहस भरा होता है। उन्होंने जोर दिया कि पुलिस का मुख्य कार्य जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना है।

उन्होंने सभी से उत्साह एवं तत्परतापूर्वक कार्य करने के लिए हमेशा तैयार रहने का आग्रह किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा संचालित हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के तहत कैरियर गाइडेंस प्रोगाम की भी जानकारी दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार, सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय उप पुलिस अधीक्षक अजाक, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, भूतपूर्व सैनिक सुनील वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।







#### मिशन उड़ान के तहत भविष्य की तैयारी

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आगामी दिनों में जिले में मिशन उड़ान की शुरुआत की जाएगी। इस पहल के तहत जिला पुलिस द्वारा भविष्य में होने वाली पुलिस भर्ती, नगर सेना, भारतीय सेना भर्ती आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए हरसंभव सहायता दी जाएगी। इसके लिए आवश्यक इक्विपमेंट के साथ-साथ अनुभवी ट्रेनर की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी।

#### बलौदाबाजार फिजिकल अकादमी से 15 अभ्यर्थियों का चयन

इस अवसर पर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा संचालित बलौदाबाजार फिजिकल अकादमी की सफलता की भी चर्चा की गई। आरक्षक पुरुषोत्तम बंजारे के माध्यम से जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में यह अकादमी पुलिस भर्ती, नगर सेना, भारतीय सेना आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। इस अकादमी से प्रशिक्षित 15 अभ्यर्थियों का चयन छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती के तहत विभिन्न जिलों में हुआ है। इसके अलावा, सब इंस्पेक्टर भर्ती में 4 और नगर सेना भर्ती में भी कई अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों ने निःशुल्क प्रशिक्षण देने वाले आरक्षक पुरुषोत्तम बंजारे और जिला पुलिस की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 15वें वित्त आयोग की राशि के अभाव में पंचायतों में विकास कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जनपद पंचायत कसडोल क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को पिछले 10 महीनों से 15वें वित्त आयोग की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिसके कारण ग्राम पंचायत मोतीपुर सहित पूरे जनपद के विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं।

ग्राम स्तर पर साफ–सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, शौचालय निर्माण, बाउंड्री वॉल जैसे मूलभूत कार्य बंद पड़े हैं।

उपसरपंच समीर कैवर्त्य ने बताया कि विकास कार्यों के लिए आवंटित लाखों के कार्य अधूरे पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



बलौदाबाजार जिले के पांचों ब्लॉक पलारी, बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा और कसडोल की ग्राम पंचायतें वित्तीय संसाधनों के अभाव में जूझ रही हैं। आबादी के आधार पर दो किस्तों में जारी की जाने वाली 15वें वित्त आयोग की राशि अब तक जारी नहीं की गई, जिसके चलते पूरे जिले में करीब 50 करोड़ रुपए के विकास कार्य अटके हुए हैं।

- बाउंड्री वॉल सहित कई आवश्यक कार्य अधूरे पड़े

इस वित्तीय संकट का प्रभाव सिर्फ विकास कार्यों पर ही नहीं, बल्कि पंचायतों में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर, पियून आदि कर्मचारियों के वेतन पर भी पड़ा है। समय पर वेतन न मिलने से उनकी आजीविका पर भी गहरा संकट मंडरा रहा है।

उपसरपंच समीर कैवर्त्य ने शासन से आग्रह किया है कि अदालत के निर्देशों के अनुरूप 15वें वित्त आयोग की राशि जल्द जारी की जाए, ताकि ग्रामीण विकास कार्य पुनः सुचारु हो सकें और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## पुलिस आरक्षक में चयनित अभ्यर्थियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलौदाबाजार में भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के त्वरित निदान हेतु एक विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। यह हेल्प डेस्क 12 से 14 दिसम्बर तक कार्यशील होगा, जहां अभ्यर्थियों की समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

इस हेल्प डेस्क के प्रभारी अधिकारी राजेश श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय होंगे, जिनके नेतृत्व में पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में गठित टीम द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क को दो पालियों में विभाजित किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार, यह व्यवस्था अभ्यर्थियों की परेशानी को कम करने, भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने एवं किसी भी प्रकार की गलतफहमी दूर करने हेतु विशेष रूप से शुरू की गई है। सभी अभ्यर्थियों से अपील है कि वे अफवाहों से बचें एवं निर्धारित तिथियों और समय पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलौदाबाजार स्थित हेल्प डेस्क में उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त करें।

हेल्प डेस्क नामित अधिकारी कर्मचारियों में राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बलौदाबाजार, अश्वनी विशाल सहायक उप निरीक्षक (एम) स्थापना शाखा प्रभारी और आरक्षक क्रमांक 793 कृष्णकांत सिंह पैकरा शामिल हैं।

### शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना

**बिलाईगढ़।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सूचित किया जाता है कि, आरक्षक भर्ती परिणाम से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान हेतु 12, 13 एवं 14 दिसंबर को जिला सारंगढ़, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। हेल्पडेस्क दो शिफ्टों में कार्य करेगा- प्रथम शिफ्ट सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक इस शिफ्ट में हेल्पडेस्क द्वारा सभी शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा संबंधित भर्ती समितियों से आवश्यक तथ्यों और जानकारी का संकलन किया जाएगा। द्वितीय शिफ्ट दोपहर 3.30 से शाम 5.30 बजे तक। इस शिफ्ट में प्राप्त जानकारी एवं प्रतिक्रियाएं शिकायतकर्ताओं के साथ साझा की जाएंगी। जिला पुलिस प्रशासन सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध करता है कि वे अपनी शिकायतें निर्धारित तिथियों एवं समय पर जिला मुख्यालय के हेल्पडेस्क में प्रस्तुत करें। हम भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।

# नगरीय क्षेत्रों में दरों का युक्तियुक्तरण एवं सरलीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छत्तीसगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गाइडलाइन दरों को अनुमोदित किया गया है। नवीन- गाइडलाइन दरों के तहत नगरीय क्षेत्रों में दरों का युक्तियुक्तरण और सरलीकरण किया गया है।जिला पंजीयक कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में लागू नवीन- गाइडलाइन दरों के तहत नगरीय क्षेत्रों में दरों का युक्तियुक्तकरण और सरलीकरण किया गया है।

- केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छत्तीसगढ़ ने नवीन गाइडलाइन जारी की

पूर्व में प्रचलित गाइडलाइन में एक ही वार्ड में कई-कई कंडिकाओं में अलग-अलग दरें अंकित थीं, जिससे गाइडलाइन जटिल एवं आमजन के लिए समझने में कठिन हो गई थी। राज्य शासन के निर्देशानुसार इन अनावश्यक कंडिकाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप नगर पालिका बलौदाबाजार में पूर्व के 86 कंडिकाओं को कम कर 40 किया गया है। जिले के सभी नगरीय निकायों बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी, कसडोल, लवन एवं टुण्ड्रा में कुल 127 वार्डों के अंतर्गत पूर्व के 326 कंडिकाओं को सरलीकृत कर 230 कंडिकाएं रखा गया है। परिसीमन उपरांत बने नवीन नगर पंचायत रोहांसी को गाइडलाइन में जोड़ा गया है। नवीन गाइडलाइन पूर्व की तुलना में अधिक सरल, व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है। नवीन गाइडलाइन 20 नवम्बर से प्रभावी हुई है। इस तिथि से अब तक लगभग 85 दस्तावेजों का पंजीयन सुचारू रूप से किया जा चुका है। जिले के सभी उप पंजीयक कार्यालयों में पूर्ववत प्रतिदिन नियमित रूप से पंजीयन कार्य जारी है। नियमित रूप से गाइडलाइन दर पुनरीक्षित नहीं होने से काले धन के लेन-देन को प्रोत्साहन, कैश में अंतर का भुगतान, पारदर्शिता का अभाव, संपत्ति के कम मूल्यांकन की समस्या, ऋण संबंधी समस्याएं, कम ऋण की पात्रता एवं सरकारी अधिग्रहण में विसंगति होने पर भूमि मालिकों विशेषकर किसानों को उनकी संपत्ति का उचित और वास्तविक मुआवजा नहीं मिल पाता है।

#### गाइडलाइन दरों में अत्यधिक वृद्धि की भ्रांति

कुछ लोगों द्वारा यह गलत धारणा बनाई जा रही है कि गाइडलाइन दरों में अत्यधिक वृद्धि की गई है। वास्तविकता यह है कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ में अंतिम बार गाइडलाइन का पुनरीक्षण वर्ष 2018-19 में हुआ था। वर्तमान पुनरीक्षण उसी आधार वर्ष 2018-19 की दरों को लेते हुए किया गया है। नगरीय क्षेत्रों में युक्तियुक्तकरण के बाद प्राप्त दरों पर लगभग 20-40 की वृद्धि की गई है। अर्थात लगभग 6 वर्षों बाद स्वाभाविक एवं तार्किक वृद्धि की गई है, जिसे अत्यधिक वृद्धि कहना उचित नहीं है।

## पीएम से संवाद के लिए छात्रों को 11 जनवरी तक अपलोड कराना होगा प्रश्न

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ देशभर के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को सीधे संवाद करने का एक और सुनहरा अवसर मिल रहा है। इस वर्ष भी परीक्षा पे चर्चा के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जो इस श्रंखला का 9वां संस्करण होगा। इस मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यों से चयनित बच्चों द्वारा परीक्षा से संबंधित पूछे गए सवालों के जवाब देकर उनका मार्गदर्शन करेंगे और उनके तनाव को कम करने का प्रयास करेंगे।इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 वीं के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक सभी अपने प्रश्न अधिकतम 500 शब्दों में तैयार कर सकते हैं। प्रश्न अपलोड करने की सुविधा भारत सरकार के पोर्टल पर उपलब्ध है। परीक्षा पे चर्चा विकल्प में प्रतिभागी पुरस्कारों से जुड़ी तिथियों और अन्य दिशा-निर्देशों की जानकारी देख सकते हैं। कार्यक्रम के लिए प्रश्न अपलोड करने की प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू हो चुकी है और प्रतिभागी अपने प्रश्न 11 जनवरी तक जमा कर सकते हैं।

## रेलवे फाटक संख्या 378 निपनिया गेट 21 दिसंबर से बंद होगा

**भाटापारा।** रायपुर रेल मंडल में निपनिया रेलवे समपार फाटक क्रमांक 378 (किमी 749/13-15) में समपार फाटक संख्या 378 (निपनिया गेट) स्थित है, जहां किमी-749 /5-7 में आरयूबी(रोड अंडर ब्रिज) का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है एवं आमजनों के आवागमन के लिए 21 दिसम्बर तक चालू कर दिया जाएगा। अतः किमी.749/13-15 में स्थित समपार फाटक संख्या - 378 ( निपनिया गेट ) को स्थायी रूप से 21 दिसम्बर से बंद कर दिया जाएगा।

### धान खरीदी में आ रही परेशानी का निराकरण के लिए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# किसानों की हर समस्या के लिए आवाज उठायेगी आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले में किसानों की धान खरीदी में हो रही लापरवाही जैसे रकबा कम करने, टोकन कटने में परेशानी, किसानों की धान को निम्न बताकर खरीदने में इनकार करना, प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट कम होना, धान उठाव नहीं होना जैसी परेशानियों के लेकर आम आदमी पार्टी ने कृषि मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया ने बताया कि जिले में गिरदावरी में किसानों किसानों के खेत के संबंध में अनेक त्रुटि निकालकर रकबा कम कर दिया गया है। वर्तमान में धान फसल बेचने के लिए किसानों का टोकन सही तरीके से नहीं कट पा रहा है। टोकन के लिए मारा मारी जैसी स्थिति है। किसानों को टोकन के लिए लंबी लाइन लगाकर चार-पांच दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ जगहों से सूचना मिली है कि किसान का जितना कर्ज है मात्र उतना ही धान लिया जा रहा है, साथ ही प्रतिदिन धान खरीद की लिमिट करने से, समितियों में टोकन काटने का नंबर लेट हो रहा है। समितियों के माध्यम से प्रतिदिन कम से कम 1500 से 2000 क्विंटल धान प्रतिदिन खरीदी होनी चाहिए, जबकि कई समितियों में सिर्फ 900 से 1300 क्विंटल धान कि ही खरीदी हो रही है, जिससे किसानों को लम्बा इंतजार करना पड़ रहा है। साथ ही साथ जिले में कई स्थानों पर किसानों के धान को निम्न बताते हुए समिति प्रबंधकों द्वारा मनमानी कर किसानों का धान वापस किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में आम आदमी पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय में कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

#### किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया

अब भाजपा प्रदेश में किसान विरोधी चेहरा सामने आ गया है। आम आदमी पार्टी द्वारा पूर्व में भी आम जनता से जुड़े मुद्दे और किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। जिले व पूरे राज्य में आप पार्टी किसानों की परेशानी का विरोध करती है और प्रदेश सरकार से मांग करती है कि जिले व प्रदेश के किसानों को हो रही सभी प्रकार की परेशानियों का जल्द ही निराकरण करें। ज्ञापन सौंपने के दौरान रायपुर लोकसभा के उपाध्यक्ष जगन्नाथ महिलांग, जिला उपाध्यक्ष कार्तिक राम निषाद, जिला कोषाध्यक्ष जसपाल सिंह जांगड़े, जिला अध्यक्ष यूथ विंग हरिशंकर नारंगे, बलौदाबाजार ब्लॉक अध्यक्ष नेमन दास बांधे, बलौदाबाजार ब्लॉक कोषाध्यक्ष चंदूलाल साहू, कमल कुमार अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष

### सोनाखान-कसडोल ..

आकांक्षा जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा, जनपद पंचायत कसडोल अध्यक्ष कुसुम पैकरा, उपाध्यक्ष देवानंद नायक, सभापति मोरध्वज पैकरा सहित शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान परिवार सहित सर्व आदिवासी समाज से भूपेंद्र ध्रुवंशी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की इस घोषणा के लिए उपस्थितजनों ने आभार व्यक्त किया। लंबे समय से इस विषय पर निरंतर प्रयासरत जनपद सदस्य मोरध्वज पैकरा के प्रयास भी आज सार्थक होते दिखाई दिए।

यह निर्णय कसडोल ही नहीं, बल्कि प्रदेश के पर्यटन मानचित्र में एक नया अध्याय जोड़ेगा और भविष्य में इस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख इको–टूरिज़्म केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

### धान खरीदी में ...

किया गया है एवं बारदाना प्रभारी थानेश्वरी साहू दैनिक कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त किया गया है। इसके साथ ही धान आवक गेट पास में कृषकों का फोटो अपलोड नहीं करने, रकबा समर्पण कार्य में लापरवाही बरतने पर हथबंद के समिति प्रबंधक अरूण कश्यप, संकरी के समिति प्रबंधक प्रतीक राज साहू, खैरा (निपनिया) के समिति प्रबंधक प्रताप यदु, कोयदा के समिति प्रबंधक करन दिनकार, भाटापारा के समिति प्रबंधक शिवकुमार यादव, छेछर के समिति प्रबंधक मधुकर कश्यप, समिति भवानीपुर के कम्प्यूटर आपरेटर शिवकुमार साहू सहित को नोटिस जारी किया गया है ।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
12 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
शोले री रीलीज
शो समय - 11:45 PM
धुरंधर
शो समय - 12:00,3:00, 6:45, 9:00 PM
किस किस को प्यार करू- 2
शो समय - 3:45 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# युवा अपने जीवन में गायत्री मंत्र के मूल्यों को अपनाएं : इंद्र साव

## कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने विधायक इंद्र साव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

गायत्री परिवार ने हमेशा समाज को जोड़ने, संस्कार देने और मानवता को ऊंचा उठाने का कार्य किया है। आज जब समाज चुनौतियों से घिरा है, तब ऐसे कार्यक्रम हमें प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश देता है। उक्त बातें विधायक इंद्र साव ने नगर में चल रहे 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में मुख्य मंच से उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने युवाओं से अपने जीवन में गायत्री मंत्र के मूल्यों को अपनाने की अपील की और कहा कि गायत्री मंत्र, ज्ञान, शक्ति और प्रेरणा का अद्भुत श्रोत है, जो जीवन में सत्य और सदकार्यों का मार्ग प्रशस्त करता है। इस आयोजन से जुड़े तमाम लोगों का विधायक इंद्र साव ने आभार जताया कि इतने बड़े आयोजन में यहां आने का उन्हें अवसर मिला।

इस अवसर पर विधायक इंद्र साव का देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदित हो कि नगर में 4 दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायोग चल रहा है। इस यज्ञ में शामिल होने काफी बड़ी संख्या में गायत्री परिवार से जुड़े लोगों का नगर आगमन हो रहा है। इस समय पूरे शहर में गायत्री परिवार के लोग नजर आ रहे हैं।



### गांव-गांव में धार्मिक, रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन को प्रोत्साहित करें

विधायक इंद्र साव ने इस आयोजन में शामिल होने दूर-दूर से आए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि आज भाटापारा की धरती एक बार फिर से धन्य हो गई, जब इस धार्मिक नगरी में इतने बड़े आयोजन में शामिल होने हिंदुस्तान के अनेक प्रदेश के लोग अपनी उपस्थिति दे रहे हैं। विधायक ने कहा कि नगर की धरती में आयोजित इस महायज्ञ के अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि शिक्षा और संस्कार को बढ़ावा देने, महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा, युवा शक्ति के विकास तथा गांव-गांव में धार्मिक, रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन को इसी तरह प्रोत्साहित करें।

## खबर संक्षेप

### अर्जुनी की चारागाह भूमि पर हुआ बोर खनन



**अर्जुनी।** जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड स्थित बड़ी ग्राम पंचायत अर्जुनी के गौठान समीपस्थ चारागाह भूमि में 12 दिसंबर को बोर खनन किया गया। इस बोर खनन के लिए जनपद पंचायत निधि से 1 लाख 20 हजार स्वीकृत किए गए। त्रिलोक यादव जनपद सभापति प्रतिनिधि ने खनन स्थल में पहुंचकर पूजा अर्चना कर बोर खनन का शुभारंभ किया। जनपद सभापति प्रतिनिधि ने कहा कि बोर खनन होने से चारागाह भूमि में पशुओं के लिए पेयजल की उपलब्धता रहेगी। इस अवसर पर सुखराम ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, प्रेमचंद वर्मा, मुरारी वर्मा, जीवन साहू, हरिश्चंद्र ध्रुव, टूमन वर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन योग भवन में 16 दिसंबर को

बलौदाबाजार। खेल एवं युवा कल्याण इस वर्ष भी जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित योग भवन में 16 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। युवा उत्सव में लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड विधाएं सम्मिलित है।
वाद-विवाद का विषय देश के विकास में एआई तकनीक प्रभावशील है या नहीं, कहानी लेखन का विषय सोशल मीडिया ने समाज को अधिक जुड़ा बनाया है कि अलग- थलग, चित्रकला का विषय विकसित व समृद्ध छत्तीसगढ़ की कल्पना एवं कविता लेखन का विषय राज्य में पर्यटन स्थल होगा। लोक नृत्य, पंथी, सुआ, करमा एवं राउत नाचा में रिकार्डेड संगीत मान्य नहीं होगा। कलाकार एवं संगीतकार जिस विधा में भाग ले रहे हैं। उस विधा का साजो-सामान, कलर पेपर, ब्रश इत्यादि सामान के साथ उपस्थित होंगे। उक्त विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी एवं कलाकार संभावित 22 से 25 दिसंबर तक बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए सम्मिलित होंगे।

### गाय-बैल को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम रामाडबरी में गाय-बैल को लेकर हुए विवाद में मारपीट के मामले में पटेवा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को हीरालाल नारंग ने बताया कि 11 दिसंबर को रात्रि करीबन 8.30 बजे गाय-बैल को संभाल कर रखने की बात को लेकर जोहन सोनवानी, आशाराम सोनवानी व शंकर सोनवानी द्वारा घर के आंगन में आकर सुरेंद्र नारंग को गाली गलौज किया जा रहा था। जिनको प्रार्थी के साथ सुरेंद्र नारंग, बहू शांति नारंग, योगेश्वरी नारंग द्वारा मना किया गया।

## निधन

### राम नारायण यदु

**भाटापारा।** किसान राइस मिल के पूर्व अध्यक्ष राम नारायण यदु रामसागरपारा वार्ड निवासी का निधन हो गया। वे पूर्व जपं अध्यक्ष स्व. बालाराम यदु के ज्येष्ठ सुपुत्र पूर्व मंडी उपाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के अध्यक्ष रमेश यदु के ज्येष्ठ भ्राता तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यदु, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी लीडर बाबा चंद्रकांत यदु एवं सूर्यकांत यदु के पिता एवं परमेश्वर यदु बलौदाबाजार के ससुर थे।

# पंचायतों में नवगठित सहकारी समिति शीघ्र होगी क्रियाशील

## जिला सहकारी विकास समिति की बैठक में सहकारी समितियों को मल्टीपरपज बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारी समिति में गोदाम निर्माण, नवगठित प्राथमिक कृषि साख समिति को कार्यशील करना, सभी ग्राम पंचायतों में बहुउद्देशीय पैक्स का गठन आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।

कलेक्टर ने जिले में पंजीकृत 39 नवीन पैक्स समितियों को कार्यशील बनाने शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध क्रियान्वयन करने निर्देशित किया।

नवगठित पैक्स के लिए कार्यालय सह गोदाम निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन, आबंटन शीघ्र कराये जाने एवं समितियों में कार्यरत कर्मचारियों का आंकलन करने तथा खाद बीज कीटनाशक की व्यवसाय हेतु लायसेंस की प्रक्रिया पूर्ण कराने, हार्डवेयर की उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए आगामी खरीफ 2026 से नवीन समितियों के माध्यम से कृषकों को खाद-बीज ऋण वितरण का कार्य संचालन कराने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर ने समितियों में संचालित माइक्रो एटीएम में ट्रान्जेक्शन बढ़ाने हेतु सभी शाखा प्रबधकों को निर्देशित किया। जिले के सभी 129 ई-पैक्स के रूप में घोषित किये जा चुके हैं। इनका सतत रूप से पर्यवेक्षण कर पैक्स कम्प्यूटराईजेशन कार्य में पिछड़े समितियों को तत्काल तारीख एण्ट्री करते हुए रियल टाईम में लाने निर्देशित किया। जिले में पैक्स समितियों द्वारा संचालित जनऔषधि केन्द्रों में कार्य व्यवसाय में वृद्धि हेतु प्रचार-प्रसार करने एवं नवीन जन औषधि केंद्र खोलने हेतु प्रक्रिया धीन 2 समितियों में शीघ्र कार्यवाही पूर्ण कर प्रारंभ कराने के निर्देश दिये।

बैठक में उपायुक्त सहकारिता, उप संचालक पशुपालन, जिला खाद्य अधिकारी, सहायक संचालक, मत्स्य पालन, उप संचालक कृषि, जिला विकास प्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी, एफसीआई, केंद्रीय भण्डारण निगम के प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ रायपुर के प्रतिनिधि सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिला सहकारी विकास समिति की बैठक में गोदाम निर्माण और धान खरीदी पर विस्तृत चर्चा की



#### समर्थन मूल्य में धान खरीदी की हुई समीक्षा

बैठक में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की भी समीक्षा की गई, जिसमें अवैध खरीदी पर अंकुश लगाने सभी शाखा प्रबंधकों एवं सहकारिता निरीक्षकों को सतत निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करने निर्देशित किया गया। धान खरीदी में किसानों को बेहतर सुविधा मिले इस हेतु शासन के निर्देशों के अनुरूप सुचारू से धान खरीदी का कार्य संचालित करने निर्देशित किया गया। लाइसेंसधारी दुकानदारों को ही अपने दुकान में धान खरीदी करने संबंधी निर्देशों का पालन कराने कहा गया।

#### जिले में इस वर्ष 75 नई सहकारी समितियों का गठन

कलेक्टर ने अन्न भण्डारण योजना अंतर्गत चयनित पैक्स भरसेला में 2500 मेट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण के सबंध में राज्य भण्डारण निगम को जल्द टेंडर की प्रिक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये। गोदाम निर्माण के लिये ऋण हेतु नाबार्ड से आवश्यक समन्वय करने कहा। उन्होंने नवगठित प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को कार्यशील करने तथा जिन ग्राम पंचायतों में बहुउद्देशीय पैक्स का गठन शेष है,वहां जल्द गठित कराने के निर्देश दिए। इस वर्ष जिले में कुल 75 सहकारी समितियां का गठन किया जा चुका है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में सहकारी समिति बनाया जाना है। इस हेतु सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग एवं पशु पालन विभाग को निर्देश दिये।

# नगरवासियों ने नपा अध्यक्ष से गिनाई मोहल्ले की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 17 रिसदा रोड स्थित कालोनी में निवासरत महिला एवं पुरुष वर्ग ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन से मुलाकात कर वार्ड में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान वार्ड पार्षद सलमान शेख ने वार्डवासियों की मांग व अनुरोध पर कार्य कराए जाने का आग्रह किया। वार्डवासियों की मांग पर रिसदा रोड स्थित कॉलोनी के सामने चखना दुकान व शराब दुकान से होने वाली परेशानी के कारण उसे हटाए जाने की मांग रखी। इसके साथ ही वार्ड में लाइट व्यवस्था, सड़क निर्माण जैसी प्रमुख मांगों से अवगत कराया। पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने वार्डवासियों की मांग पर नियम अनुसार तत्काल कार्रवाई कर समस्याओं को दूर किए जाने की बात कही। इस दौरान वार्डवासी बब्बन वर्मा, मोहम्मद कलीम अंसारी, मोहम्मद समीर खान, बलदाऊ वर्मा, महिलाएं लक्ष्मी वर्मा, कविता घृतलहरे, रश्मि वर्मा, अनीता राजपूत, उर्मिला वर्मा, तोरणजीत लहरे, रेनू वर्मा, वंदना सेन, श्वेता घृतलहरे, राजेश वर्मा, शरीफ खान, भीम साहू, शंकर घृतलहरे, मालिक राम साहू, रमेश वर्मा सहित अन्य वार्ड के निवासी उपस्थित थे।

# हायर सेकंडरी की 27 छात्राओं को सायकिल वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला विकासखंड बिलाईगढ़ के शिक्षा सत्र 2025-26 में अध्ययनरत कक्षा 9वीं के 27 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहदेव साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, विशिष्ट अतिथि सुशीला गेसराम सहित सरपंच ग्राम पंचायत खुरसुला उपस्थित थे। सहदेव साहू ने सायकिल वितरण करते हुए कहा कि सरस्वती सायकिल योजना एक ऐसी पहल है, जो छात्राओं को शिक्षा जारी करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें निःशुल्क प्रदान करती है। इस योजना के मुख्य उद्देश्य यह है कि छात्राओं को स्कूल आने-जाने के लिए सुविधा प्रदान कर स्कूल छोड़ने की दर कम करने में मदद करती है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देती है। कई छात्राएं परिवहन सुविधा की कमी के कारण पैदल स्कूल आते-जाते थे। सायकिल मिलने से उनके चेहरे पर खुशी की झलक दिखाई पड़ी। लाभान्वित छात्राओं ने खुशी जताते हुए कहा कि अब उन्हें स्कूल आने जाने में समय की बचत होगी और सुरक्षा की दृष्टि से भी सुविधा होगी। छात्राओं ने यह भी बताया कि सायकिल मिलने से उनके यह सायकिल उनकी शिक्षा में निरंतरता सुनिश्चित करेगी। इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पढ़ाई करने वाले छात्राओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर प्राचार्य हरेंद्र कुमार शांडिल्य, रामसहाय डडसेना, भारत राम बंजारे, श्याम लाल नवरत्न, सालिक राम साहू, मदनलाल तोमर, लीलेश कुमार राजेश, सुरेशकुमार रात्रे, शिवकुमारी महीनांगे, कुसुमलता ठाकुर, रामचन्द्र पटेल उपस्थित थे।

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए शिक्षकों ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

- विद्यालय में नवाचारों के साथ चल रहा कैंपेनिंग कार्यक्रम

स्थानीय विद्यालय सेजेस परसापाली में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन के निर्देशन में शुरू किए गए इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों में सीखने की क्षमता बढ़ाना तथा अभिभावकों को भी शिक्षा सुधार से जोड़ना है।



अभियान के तहत शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों से संवाद कर रहे हैं। बच्चों की प्रगति रिपोर्ट साझा कर रहे हैं और उन्हें नियमित उपस्थिति, समय पर गृहकार्य तथा पढ़ाई के अनुकूल वातावरण तैयार करने के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं। साथ ही विद्यालय परिसर में भी बोर्ड कक्षाओं में विभिन्न गतिविधियां विशेष कक्षाएं, मॉडल टीचिंग प्रोजेक्ट द्वारा विज्ञान को समझाना, विषय-आधारित प्रदर्शन, समूह चर्चा तथा सीखने के परिणामों के परीक्षण आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रधानाचार्य ने बताया कि शिक्षकों की सामूहिक पहल से छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ रही है तथा सीखने के परिणामों में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि शिक्षा स्तर को और अधिक ऊंचा उठाया जा सके। अभिभावकों ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान स्कूल और परिवार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हैं तथा बच्चों की पढ़ाई को नई दिशा देते हैं।

# पैरादान के लिए गौ सेवा आयोग की बैठक

**सिमगा।** छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग की दूसरी बैठक शुक्रवार को जनपद पंचायत सिमगा के सभागार में हुई। बैठक में अशासकीय सदस्य आयोग के जिला अध्यक्ष विजय साहू, विकासखंड अध्यक्ष गगन तिवारी, सदस्य विजय देवांगन एवं एवन साहू पदेन सदस्य खंड पशुचिकित्सा अधिकारी पवन कुर्रे एवं उनके सहयोगी खेमनारायन यादव, नगर पालिका से प्रतिनिधि भगवान दास मानिकपुरी एवं जनपद सीईओ सीपी मनहर शामिल हुए। बैठक में गगन तिवारी द्वारा पैरादान एवं एकत्रीकरण (पैरा तिहार) हेतु जनपद सीईओ से विस्तृत चर्चा की गई। नवीन गौ धाम के विस्तारीकरण के लिए सभी ग्रामों में अधिक से अधिक समितियों को आवेदन करने कहा गया।



# स्काउट गाइड प्रशिक्षक को मंत्री ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

**भरुवाडीह/सैहा/गुमा।** दाऊ खुमान सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा में मंत्री टंकराम वर्मा राजस्व, आपदा प्रबंधन, उच्च शिक्षा मंत्री ने स्काउट्स एवं गाइड्स के द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके प्रशिक्षक योमेश कुमार साहू को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने जीवन के दृढ़ संकल्प, अनुसाशन और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़कर सफलता प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर भारत स्काउट्स गाइड्स स्थानीय संघ पलारी के अध्यक्ष पवन वर्मा, जनपद सदस्य नम्रता राजेश ध्रुव, ग्राम के सरपंच चन्द्रकांता होमेश साहू, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोमनाथ वर्मा, प्राचार्य एसके खटकर एवं शिक्षक, छात्र-छात्राएं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों पर विस्तृत जानकारी

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कस्तुरबा गांधी अवासीय विद्यालय भाटापारा एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजूरी में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम, महिला उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक शिकायत के बारे में जागरूकता, सोशल मीडिया पर पोस्ट, इंफोग्राफिक्स के माध्यम से पास्को डीवि एक्ट एवं विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।





जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न एवं सुश्री नम्रता साहू द्वारा महिलओं एवं बच्चों पर होने वाले विभिन्न प्रकार के हिंसा, शारीरिक, मानसिक, भवनात्मक, आर्थिक एवं लैंगिक हिंसा के बारे में जानकारी दी गई एवं शपथ दिलाई गई, ऐसे मामलों में मिलने वाली कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्कूल समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

